भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4225

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

तमिलनाडु में दोहरी लेन परियोजना

4225. श्री सी.एन. अन्नादुरईः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) चरण-।।। के तहत एनएच-66 (नया एनएच-77) पर टिंडीवनम- कृष्णागिरी खंड पर दोहरी लेन परियोजना की मौजूदा स्थिति क्या है;

(ख) क्या यह परियोजना अपने समय से पीछे चल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) निर्धारित समय में परियोजना को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं; और

(घ) परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): तमिलनाडु में रारा-66 (नया रारा-77) के टिंडीवनम-कृष्णागिरि खंड को दो लेन बनाने का काम रियायतग्राही (मेसर्स ट्रांसटोरी कृष्णागिरि-टिंडीवनम हाइवेज प्रा.लि.) को सौंपा गया था और इसे पूरा करने की निर्धारित तिथि 15.04.2014 के साथ यह कार्य 16.04.2012 को शुरू किया गया था। तथापि रियायतग्राही की गलती के कारण इस परियोजना को 03.04.2019 को समाप्त कर दिया गया था। इस परियोजना का शेष कार्य शुरू होने की तिथि से 20 माह की अवधि में पूरा करने की निर्धारित तिथि के साथ 29.05.2019 को दोबारा मेसर्स एस.पी.के. ऐंड कंपनी को सौंप दिया गया है।

*****